खण्ड—स **2×14=28**

(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश :- किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने उत्तर को अधिकतम **500** शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न 14 अंक का है।

10. स्वातंत्र्योत्तर कहानी पर एक निबंध लिखिए।

11. कहानी के तत्वों के आधार पर 'वापसी' कहानी की समीक्षा कीजिए।

12. उपन्यास के तत्वों के आधार पर 'महाभोज' उपन्यास की समीक्षा कीजिए।

13. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** पर टिप्पणियाँ लिखिए :

    (i) कहानी के प्रकार

    (ii) उपन्यास के प्रकार

    (iii) आंचलिकता

    (iv) कहानीकार प्रसाद

HD–02

June – Examination 2024

B.A. (Part I) Examination

HINDI LITERATURE

(Katha Sahitya)

Paper : HD-02

*Time : **3** Hours]* *[Maximum Marks : **70***

निर्देश :- यह प्रश्न-पत्र 'अ', 'ब' और 'स' तीन खण्डों में विभाजित है। प्रत्येक खण्ड के निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

खण्ड—अ **7×2=14**

(अति लघु उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश :- सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने उत्तर को प्रश्नानुसार एक शब्द, एक वाक्य या अधिकतम **20** शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है।

1. (i) 'सरस्वती' पत्रिका का प्रकाशन वर्ष लिखिए।

   (ii) जैनेन्द्र के **दो** उपन्यासों का नाम लिखिए।

   (iii) प्रमुख आंचलिक कहानीकारों के नाम लिखिए।

(iv) 'पूस की रात' कहानी के प्रमुख पात्रों का उल्लेख कीजिए।

(v) यशपाल किस विचारधारा के उपन्यासकार हैं ?

(vi) उपन्यास का शाब्दिक अर्थ बताइए।

(vii) 'महाभोज' उपन्यास का नायक कौन है ?

खण्ड—ब 4×7=28

(लघु उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश :- किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने उत्तर को अधिकतम **200** शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न 7 अंक का है।

2. निम्नलिखित गद्यांश की प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए :

"साहब तो ड्रिंक के दूसरे दौर में ही चुटकले और कहानियाँ कहने लगे थे। दफ्तर में जितना रौब रखते थे यहाँ पर उतने ही दोस्त परवर हो रहे थे और उनकी स्त्री, काला गाउन पहने, गले में सफेद मोतियों का हार, सेंट और पाउडर की महक से ओत-प्रोत, कमरे में बैठी सभी देसी स्त्रियों की आराधना का केन्द्र बनी हुई थी। बात-बात पर हँसती, बात-बात पर सिर हिलाती और शामनाथ की स्त्री से तो ऐसे बातें कर रही थी, जैसे उनकी पुरानी सहेली हो।"

3. निम्नलिखित गद्यांश की प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए :

"यह खेती का मजा है। और एक-एक भगवान ऐसे पड़े हो जिनके पास जाड़ा जाए तो गरमी से घबड़ाकर भागे। मोटे-मोटे गद्दे, लिहाफ, कम्बल। मजाल है जाड़े का गुजर हो जाए। तकदीर की खूबी है। मजदूरी हम करें मजा दूसरे लूटें।"

4. निम्नलिखित गद्यांश की प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए :

"मातृ प्रेम में कठोरता होती थी लेकिन मृदुलता से मिली हुई। इस प्रेम में करुणा थी पर वह कठोरता न थी, जो आत्मीयता का गुप्त संदेह है। स्वस्थ अंग की परवाह कौन करते हैं ? लेकिन वह अंग जब किसी वेदना से टपकने लगता है तो उसे ठेस और धक्के से बचाने का यत्न किया जाता है। बालक का रोदन निर्मला को उसके अनाथ होने की सूचना दे रहा था।"

5. 'नीलकांत का सफर' कहानी की कथावस्तु का चित्रण कीजिए।

6. पुरानी और नई कहानी में अंतर स्पष्ट कीजिए।

7. 'आशा अमरधन' कहानी की तात्विक आधार पर समीक्षा कीजिए।

8. 'पुरस्कार' कहानी की नायिका मधुलिका की चारित्रिक विशेषताएँ लिखिए।

9. समानान्तर कहानी आन्दोलन पर टिप्पणी लिखिए।